निधि पाण्डे, भा.सू.से.
आयुक्त
Nidhi Pandey, I.I.S.
Commissioner

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

G20
भारत 2023 INDIA

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016
दूरभाष : 91–11–26512579, फैक्स : 91–11–26852680
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016 (India)
Tel. : 91-11-26512579, Fax : 91-11-26852680
E-mail : kvs.commissioner@gmail.com, Website : www.kvsangathan.nic.in

संदेश

प्रिय शिक्षकवृंद,

देश के सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित यह विशेष दिवस देश के समस्त शिक्षकों और विद्यार्थियों को प्रेरणा देता है।

भारत में गुरू-शिष्य परंपरा का पुरातन इतिहास है। हमारी संस्कृति में गुरू को सर्वोच्च स्थान प्रदान किया गया है। शिक्षक दिवस अपने गुरूजनों के प्रति कृतज्ञता का भाव अर्पित करने का अवसर प्रदान करता है। हमारे शिक्षक सिर्फ विषय नहीं पढ़ाते; वे मूल्यों व चरित्र का निर्माण करते हुए जिज्ञासु भाव को भी जागृत करते हैं। वे प्रत्येक विद्यार्थी के भीतर विद्यमान प्रतिभा को उभारकर उसकी क्षमता का पोषण करते हैं।

आज के दिन मैं केन्द्रीय विद्यालय संगठन के सभी शिक्षकों की सराहना करती हूं, जिन्होंने अपने अथक परिश्रम से संगठन को देश में एक सशक्त पहचान प्रदान की है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को आत्मसात कर धरातल पर उतारने में भी हमारे शिक्षण अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं और अपने नवीन प्रयासों से आधुनिक शिक्षण तकनीक अपनाकर शिक्षा को रुचिकर और आकर्षक बना रहे हैं।

केन्द्रीय विद्यालयों में अध्ययनरत 14 लाख से अधिक विद्यार्थियों का भविष्य संवारने के लिए अपने शिक्षकों की प्रतिबद्धता पर हम गर्व करते हैं। इस विशेष दिन पर, मैं केन्द्रीय विद्यालय संगठन के प्रत्येक शिक्षक के प्रति अपनी गहरी सराहना और आभार व्यक्त करती हूं।

अनेक धन्यवाद, और एक बार पुनः शिक्षक दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं!

निधि पाण्डे
5/9/23
(निधि पांडे)